# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 01.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ", अमर उजाला, आज, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

## अमर उजाला–दि0 01.01.2025

### हाउसिंग स्कीम के 76 फ्लैट का नक्शा पास

**वाराणसी।** प्रयागराज जीटी रोड पर 76 फ्लैट समूह आवास योजना का नक्शा वीडीए ने छह दिन में स्वीकृत किया। धनपालपुर, कसवार राजा में प्रस्तावित ग्रुप हाउसिंग स्कीम का मानचित्र स्वीकृत किया गया। इस स्वीकृति से वीडीए को 1.76 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। ब्यूरो

## आज–दि0 01.01.2025

### विप्राके दो अभियन्ता हुए सेवानिवृत्त

विप्राके सचिव डॉक्टर वेदप्रकाश मिश्रको अध्यक्षतामें मंगलवारको इंजीनियर संघके सदस्य एवं विप्राके अभियन्ता आर.के. सिंह और पी.एन. दुबेकी सेवा निवृत्तिपर उन्हें विदायी दी गयी। इस दौरान विकास

प्राधिकरणके अधिकारी और कर्मचारियोंने उनकी सेवाओंका वर्णन किया। कार्यक्रममें प्राधिकरणके सदस्य अम्बरीष सिंह भोला भी मौजूद थे जिनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। विदायी समारोहमें अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानन्द यादव, अनुसचिव देवचन्द्रराम सहित विभिन्न कार्यालयोंके लिपिक वर्ग शामिल थे। डिप्लोमा इंजीनियर संघके अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, कर्मचारी संघके महामन्त्री अभिषेक सिंहने शुभकामना व्यक्त की।

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 01.01.2025

### वीडीए कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गयी विदाई

**वाराणसी।** वीडीए के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में अपराह्न 2:00 बजे उ.प्र. विकास प्राधिकरण डिप्लोमा इंजीनियर संघ के प्रतिष्ठित सदस्य इं. आरके सिंह एवं इं. पीएन दुबे की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में किया गया। कार्यक्रम में वीडीए सदस्य अम्बरीश सिंह भोला, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव एवं अनुसचिव देवचंद राम उपस्थित रहे। सभी ने इं. आरके. सिंह एवं इं. पीएन दुबे को उनके कार्य और समर्पित सेवा के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही विकास प्राधिकरण के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी इस समारोह में शामिल हुए और अपने योगदान के लिए दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस समारोह में सभी ने उनकी लंबी सेवा की सराहना की तथा डिप्लोमा इ. संघ के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी एवं कर्मचारी संघ के महामंत्री अभिषेक सिंह द्वारा उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की गयी।

## न्यायाधीश–दि0 01.01.2025

### सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन

वाराणसी।वाविप्रा के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में 31 दिसम्बर को अपराह्न 2:00 बजे उ0प्र0 विकास प्राधिकरण डिप्लोमा इंजीनियर संघ के प्रतिष्ठित सदस्य इं. आर.के. सिंह एवं इं. पी.एन. दुबे की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य मे एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में किया गया। इस अवसर पर वाराणसी विकास प्राधिकरण के माननीय सदस्य श्री अम्बरीश सिंह भोला जी भी उपस्थित रहे, जिनका स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम में अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानन्द यादव एवं अनुसचिव देवचंद राम भी उपस्थित रहे। सभी ने इं. आर.के. सिंह एवं इं. पी.एन. दुबे को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पित सेवा के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।इसके साथ ही, वाराणसी विकास प्राधिकरण के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी इस समारोह में शामिल हुए और अपने योगदान के लिए दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को शुभकामनाएं दी।इस समारोह मे सभी ने उनकी लंबी सेवा की सराहना की तथा डिप्लोमा इ. संघ के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी एवम कर्मचारी संघ के महामंत्री अभिषेक सिंह द्वारा उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की गयी।